समस्या — लोग हो रहे बीमार, घरों में बिछ रही धूल की परतें, बढ़ रहे अस्थमा एवं एलर्जी के मरीज

# सीवर लाइन कार्य से नगर में उड़ रहे धूल के गुबार



**शहडोल, नवभारत।** शहडोल नगर पालिका क्षेत्र में वर्षों से अधर में लटके सीवर लाइन प्रोजेक्ट ने अब शहरवासियों के लिए मुसीबतों का पहाड़ खड़ा कर दिया है। जिसके कारण लोगों का जीना मुहाल हो रहा है।

आज हालत यह हैं कि शहर के कई वार्डों में खुदाई कार्य के कारण सड़कों पर दिनभर धूल का गुबार उड़ता नजर आता है। स्थिति इतनी विकट हो गई है कि राहगीर ठीक से आंखें खोलकर चल भी नहीं पा रहे हैं, वहीं घरों के अंदर तक मोटी धूल जमने से लोगों का जीना दूभर हो गया है।

### सांस और एलर्जी के रोगी की संख्या बढ़ रही

स्थानीय निवासियों ने बताया कि लगातार उड़ती धूल के कारण लोग खांसी, जुकाम, सांस की तकलीफ और आंखों में जलन जैसी समस्याओं से परेशान हैं। डॉक्टरों के अनुसार, अधिक धूल के कारण अस्थमा और एलर्जी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। घरों के भीतर बारीक धूल की परतें जम रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि किसी भी जगह को साफ करने के मात्र आधे घंटे बाद ही बारीक धूल की परत जम रही है। पूरे समय घर के खिड़की दरवाजों को बंद रखना पड़ता है। बच्चे और बुजुर्गों साथ ही जिन्हें धूल से एलर्जी है उन लोगों का इस सर्दी के मौसम में इस धूल के कारण जीना दुश्वार हो गया है।

### खुदाई के बाद गड्ढों को ठीक से नहीं भरा गया

सीवर लाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के बाद कई स्थानों पर गड्ढों को ठीक से नहीं भरा गया है, जिसके चलते सड़कें टूट-फूट गई हैं। वाहनों को निकलने में भारी दिक्कतें हो रही हैं और कई बार दुर्घटनाओं की नौबत आ रही है। स्थानीय व्यापारी बताते हैं कि धूल के कारण दुकानदारी पर भी असर पड़ा है और ग्राहक आने से कतराते हैं।

### नगर पालिका पर लापरवाही के आरोप

लोगों का कहना है कि परियोजना का काम वर्षों से चल रहा है, लेकिन प्रशासन इसकी गति बढ़ाने या धूल नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। न तो सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव किया जा रहा है और न ही खुदाई वाले स्थानों पर सुरक्षा की उचित व्यवस्थाएँ की गई हैं। इससे नाराज नागरिकों ने कई बार शिकायत की, परंतु सुधार नहीं हुआ।

### धूल को नियंत्रित करने किया जाए पानी का छिड़काव

निवासियों ने नगर पालिका और संबंधित निर्माण एजेंसी से मांग की है कि-धूल नियंत्रित करने के लिए नियमित पानी का छिड़काव किया जाए, खुदाई के बाद गड्ढों को जल्द से जल्द भरा जाए, प्रोजेक्ट को समय सीमा में पूरा कराया जाए, स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखकर कार्य कराया जाए। शहरवासी अब प्रशासन से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वह जल्द ही इस समस्या का समाधान करेगा, ताकि उन्हें इस धूल भरी परेशानी से निजात मिल सके। फिलहाल, बढ़ती बीमारियाँ और बिगड़ती सड़कें आमजन के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई हैं।



# किसानों को जैव उर्वरक अपनाने की दी गई सलाह

▶ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के तहत आयोजित किया गया प्रशिक्षण

**शहडोल।** केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित शहडोल सभागार में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत 72वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में इफ्को उप क्षेत्र प्रबंधक इफ्को शहडोल राजेश कुमार मौर्य ने कृषि, किसान और सहकारिता के विकास के योगदान में इफ्को द्वारा किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कृषक द्वारा वर्तमान समय में उर्वरक के बढ़ते असंतुलित उपयोग को कम कर जैव उर्वरक, नैनो उर्वरक, नैनो डीएपी और सागरिका के बारे में बताया।

कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी वैज्ञानिक मृगेंद्र सिंह ने फसलों में उपयोग होने वाले पोषक तत्वों के कार्य और संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खेती तथा नैनो उर्वरकों के प्रयोग और लाभ के बारे में बताया और कृषकों को इसके सही उपयोग के लिए जागरूक करने हेतु कृषक गोष्ठी के लिए कहा। सहायक संचालक कृषि कल्याण कैलाश मगर ने प्रधानमंत्री धन धान्य योजना अंतर्गत कृषि और किसान के हित में योजनाओं और सहकारिता के योगदान सहित अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग शहडोल सुरेखा आनंद अहिरवार, सहायक आयुक्त सहकारिता अभय सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. यादव सहित जिला सहकारी बैंक शहडोल के सभी शाखा प्रबंधक और समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।





# छात्र-छात्राओं को बताए साईबर सुरक्षा के उपाय

▶ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में हुआ कार्यक्रम

**शहडोल।** शहडोल पुलिस द्वारा जिलेभर में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान जारी है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों से अवगत कराया तथा साइबर अपराधों से बचाव के विषय में जानकारी दी।

इस अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र और सार्वजनिक जानकारी प्रसार गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

सायबर सेल टीम द्वारा सेन्ट ज्यूड्स, हायर सेकेन्ड्री, विद्यालय, सिंहपुर रोड, शहडोल में बच्चों को सायबर संबंधी विविध जानकारियों एवं तथ्यों से अवगत कराया गया, छात्रों को दैनिक इंटरनेट यूज के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों को विषय में भी जागरुक किया गया। इस अवसर पर छात्रों को साइबर अपराधों के नवीनतम तरीकों, उनसे बचाव के उपायों और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।

इस मौके पर छात्रों ने शपथ ली कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, ईमेल या संदेश पर क्लिक नहीं करेंगे। अज्ञात स्त्रोतों से मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड नहीं करेंगे। अपने बैंक विवरण, पासवर्ड या OTP किसी के साथ साझा नहीं करेंगे। किसी भी साइबर अपराध या ऑनलाइन धोखाधड़ी की तुरंत रिपोर्ट करेंगे।

# महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं इंदिरा गांधी

▶ कांग्रेस ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती, प्रदेश प्रभारी के आगमन की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री,भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी के 23 नवंबर को शहडोल आगमन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

सर्वप्रथम इंदिरा जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, तत्पश्चात उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यों व उनके दिए गए बलिदान पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने इंदिरा जी को याद करते हुए कहा कि, वे सिर्फ एक नेता नहीं थीं, बल्कि भारत की राजनीतिक दृढ़ता, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं। उनका जीवन संघर्ष, निर्णय और दूरदर्शिता का अद्भुत संगम था जिसने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी। जब देश आर्थिक संकट और अस्थिरता से जूझ रहा था, तब इंदिरा गांधी ने मजबूत नेतृत्व के साथ भारत की बागडोर संभाली।

साल 1966 में वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त हुईं, उनके नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को हराया और बांग्लादेश का जन्म हुआ। इस विजय ने उन्हें आयरन लेडी बना दिया। इंदिरा गांधी ने 1974 में भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देशों की श्रेणी में खड़ा किया। यह भारत के आत्मनिर्भर होने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार किए, जिससे भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ।इंदिरा जी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। इस फैसले ने आर्थिक असमानता को घटाने और गरीबों को वित्तीय सशक्तिकरण देने में मदद की।

जिलाध्यक्ष श्री अवस्थी ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के 23 नवंबर को शहडोल आगमन की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कमेटी की समन्वय समिति की बैठक लेंगे, दोपहर 12 बजे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के सम्बन्ध में बैठक लेंगे एवं दोपहर 3 बजे से कार्यकर्ताओं से संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी ने इस कार्यक्रम में समस्त कांग्रेसजन एवं आमजन से सम्मिलित होने की अपील की है। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम,वरिष्ठ कांग्रेसी महमूद अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी मुबारक मास्टर,जनपद अध्यक्ष बुढ़ार उमा धुर्वे,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेन्द्र मरावी,पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय,जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा,बुढ़ार ब्लाक अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, शोसल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी,एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, पार्षद हीरालाल प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश चैधरी, मनोज सिंह, गोविंद प्रसाद साहू, कुंज बिहारी द्विवेदी, ओंकार सिंह, अजय जायसवाल, रवीन्द्र मणि शुक्ला, दल प्रताप सिंह, प्रेमधारी सिंह, शोएब अंसारी, रज्जम खान, रजनी गुप्ता,रमा विश्वकर्मा,दीपांशु गुप्ता, लालमणि जायसवाल, छोटे लाल चैधरी आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# एनसीसी का प्रशिक्षण देकर परेड के लिए तैयार किए जा रहे छात्र

▶ सिलिकोबाइट कॉलेज में दिया जा रहा है प्रशिक्षण



**नवभारत, कटनी।** राष्ट्रीय कैडीट कोर एनसीसी 32 बाटालियन सीएटीसी कैम्प 2025 का आयोजन सिलिकोबाइट केडीसी कॉलेज आधारकाप मे चल रहा है जहा 8 जिलों से 404 पुरुष और महिला एनसीसी कैडट शामिल होकर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रशिक्षण ले रहे है। इस अवसर आयोजित मोटवैशन ईवेंट मे मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, कॉमण्ड ऑफिसर कॉर्नेल एस राजवेलु और विशिष्ट अतिथी शिक्षारत्न डॉ पारस जैन रहे। एनसीसी कडेट्स का मनोबल बढ़ाते हुए नर निगम आयुकत ने तपस्या परिहार ने फाइरिंग रेंज का प्रदर्शन देखा और हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि स्कूल-कॉलेज के प्रत्येक छात्र को एनसीसी प्रशिक्षण लेना चाहिए। इस अवसर पर कॉर्नेल राजवेलु ने बताया की 13 नवंबर से 23 नवंबर तक चलने वाले ऐन्यूअल कैम्प मे छतरपुर, पन्ना, खंडवा, रतलाम, मैहर, शहडोल, दामोह सहित कटनी जिले से 7 स्कूल और कॉलेज का सबसे बड़ा प्रशिक्षण सिलिकोबाईट कॉलेज मे चल रहा है। जहा मार्च पास्ट, फायरिंग का प्रशिक्षण लेकर कैडेट्स को नई दिल्ली में आयोजित आरडीसी परेड के लिए तैयार किया जा रहा है।

सेकंड ऑफिसर ने बताया की कैडीट कोर एक स्वैच्छिक त्रि सेवा संगठन है जिसमे सेना , नौसेना, वायुसेना शामिल है एनसीसी का उद्वेश्य देश के युवाओ को अधिक अनुशासित और देश भक्त बनाने एनसीसी कैम्प का आयोजन किया जाता है। कैडटस द्वारा अपनी प्रतिभा और कौशल बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में कैडटस को लीडरशिप, पर्सनेलिटि डवलपमेन्ट, आपदा प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है।

# ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी लेने पहुंची टीम

▶ संभाग आयुक्त के निर्देश पर किया गया रोस्टर निरीक्षण



**नवभारत, कटनी।** जबलपुर संभागायुक्त धनंजय सिंह भदौरिया के निर्देश पर मंगलवार को जिला पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालय का रोस्टर निरीक्षण किया। जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी योजना प्रभारी अधिकारियों को निरीक्षण दल से शिव प्रसाद उपसंचालक, सुनील लाहोरिया एडीईओ को केंद्र और राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की अद्यतन जानकारी, संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी की मौजूदगी में निरीक्षण दल ने वन टू वन योजनावार लेखा, स्थापना, भंडार, निर्माण, पंचायत प्रकोष्ठ, स्वच्छ भारत अभियान, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, एमडीएम, 15 वित्त और अन्य योजनाओं के संधारित अभिलेखों का अवलोकन और निरीक्षण कर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह, परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपथिति रही।

एकता यात्रा — सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकाला गया यूनिटी मार्च, सांसद वीडी शर्मा ने किया यात्रा का नेतृत्व

# एकता सिर्फ नारा नहीं, बल्कि नैतिक कर्तव्य भी है



**नवभारत, कटनी।** भारत के लौहपुरुष और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के 150 वर्ष पूरा होने के अवसर पर सांसद वीडी शर्मा के नेतृत्व में कटनी और स्लीमनाबाद में यूनिटी मार्च निकाला गया जिसमें देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया गया। कटनी और स्लीमनाबाद में निकले यूनिटी मार्च में सांसद विष्णुदत्त शर्मा स्वयं हाथों में तिरंगा लेकर यूनिटी मार्च का नेतृत्व कर रहे थे दोनों यात्राएं जहां जहां गुजरी यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए जोरदार स्वागत किया।

यात्रा के समापन के दौरान सांसद ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश की एकता और मजबूती की नींव सरदार पटेल ने अपने अद्वितीय नेतृत्व से मजबूत की, जिसे सदैव याद रखा जाएगा। इस अवसर पर विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरदार पटेल के आदर्शों पर काम कर रहे हैं, जिन्होंने देश को एक सूत्र में बांधा था। उन्होंने सभी से जाति-पात से ऊपर उठकर एकजुट रहने और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि सरदार पटेल का राष्ट्र निर्माण में योगदान अतुलनीय है।

उन्होंने कहा कि देश को एक सूत्र में पिरोने का उनका प्रयास आज भी हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। विधायक संदीप जायसवाल ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 रियासतों को जोड़कर भारत की एकता की मजबूत नींव रखी। विधायक प्रणय पांडे ने कहा आज का यूनिटी मार्च हमें याद दिलाता है कि राष्ट्रीय एकता केवल नारा नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

यात्राओं के समापन अवसर पर सांसद वीडी शर्मा ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होने संकल्प दिलाते हुए कहा कि नशा मुक्ति एक ऐसा अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को नशे की लत से मुक्त कराना है और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है।

नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को पूरी तरह से तबाह कर देता है। यूनिटी मार्च में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन , विधायक संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, महापौर श्रीमति प्रीति सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सुनीता मेहरा, रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, सुरेश सोनी, सुनील उपाध्याय, कार्यक्रम संयोजक आशीष गुप्ता बाबा, वरिष्ठ भाजपा नेतृत्व, पार्टी कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं, स्कूलों के बच्चों विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।




# एएसआई ने अनुचित मैसेज भेजे, आपत्तिजनक बातें कीं

▶ जनसुनवाई में महिला ने की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**नवभारत, कटनी।** जिले के स्लीमनाबाद थाने में पदस्थ एक एएसआई विवादों के घेरे में है। मंगलवार पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित जनसुनवाई में एक महिला ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर एएसआई बृजेन्द्र उरमलिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें थाने से हटाकर मामले की जांच कराने और कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में महिला हंसा ठाकुर द्वारा लगाए गए आरोपों में एएसआई पर अनुचित संदेश भेजने, आपत्तिजनक वार्ता करने, ब्लैकमेल की कोशिश करने और पद के दुरुपयोग जैसे गंभीर संवेदनशील आरोप लगाए हैं। हंसा ठाकुर का कहना है कि एएसआई बृजेंद्र उरमलिया ने उन्हें कई बार फोन पर अनुचित मैसेज भेजे और आपत्तिजनक बातें कहीं, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हो गईं। महिला के अनुसार, उनके पति की आंखों की बीमारी का फायदा उठाकर एएसआई ने उन्हें थाने बुलाने का दबाव बनाया और लगातार उनसे संपर्क कर अनुचित टिप्पणियां कीं। शिकायत में यह भी कहा गया कि एएसआई अक्सर उनके आने-जाने पर नजर रखते थे और पूछताछ करते थे कि वे कहां और किससे मिलने जा रही हैं। यह व्यवहार उन्हें असहज और भयभीत करने वाला था। इसके अलावा हंसा ठाकुर ने आरोप लगाया कि एएसआई ने उनके देवर के माध्यम से उन पर झूठा आरोप लगाने और 4 लाख रुपए की मांग करने का भी प्रयास किया। महिला ने शिकायत में कार्रवाई की मांग की है।